प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सत्ता बरकरार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – विकास और सुशासन की हुई जीत, जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस–कांग्रेस गठबंधन को बहुमत।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा –हरियाणा की तरह झारखंड विधानसभा चुनाव में भी प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी भाजपा।
- जदयू के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमशेदपुर पश्चिमी से चुनाव लड़ने की घोषणा की।
- प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन घोटाला मामले में रांची, धनबाद और पटना में आधा दर्जन ठिकानों पर की छापेमारी।
- रांची, पलामू समेत संथाल के कई जिलों में हुई झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने राज्यभर में अगले दो दिनों तक वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट।

****

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर लिया है और लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने 90 में से 48 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि कांग्रेस को 37 सीटें मिली हैं। जम्मू– कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 और उसके सहयोगी कांग्रेस ने 6 सीटों के साथ बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू कश्मीर में पहली बार रिकॉर्ड 29 सीटों पर शानदार जीत दर्ज की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनादेश देने के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह विकास और सुशासन की जीत है।

श्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार शांतिपूर्वक चुनाव हुए।यह भारत के संविधान की जीत है ।

****

हरियाणा में भाजपा की शानदार जीत के बाद राजधानी रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में जश्न मनाया गया। इस दौरान मिठाइयां बांटकर आतिशबाजी की गई। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा ने हरियाणा में जीत दर्ज की है वैसा ही परिणाम झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी दिखेगा।

****

जदयू के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जमशेदपुर पश्चिमी सीट से चुनाव लड़ने की

घोषणा की है। सरयू राय ने कहा कि अब उनकी सीट एनडीए को तय करनी है। रांची के डोरंडा स्थित अपने सरकारी आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा से उनकी मुलाकात हुई है और उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर में दोनों सीटें हैं, वे चाहें तो जमशेदपुर पश्चिमी से भी चुनाव लड़ सकते हैं।

****

रांची के जमीन घोटाला मामले में मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी को मैनेज करने के नाम पर करोड़ों की सौदेबाजी मामले में ईडी ने रांची, धनबाद और पटना के आधा दर्जन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस छापेमारी में कुछ दस्तावेज मिले हैं, जिसकी छानबीन चल रही है। जिनके यहां छापेमारी हुई है, उनमें पंडरा क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण तथा जमीन कारोबारी संजीव पांडेय से जुड़े ठिकाने शामिल हैं। ईडी ने यह छापेमारी रांची के पंडरा थाने में दर्ज प्राथमिकी के मामले में की है।

****

चतरा जिले में पशु पक्षियों की संख्या का पता लगाने के लिए पहली बार गिनती शुरू की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। आज देवी दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की आराधना की जा रही है।

****

राजधानी रांची, पलामू समेत संथाल के कई जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान बारिश रिकॉर्ड की गई है। रांची में दो घंटे के अंदर 31 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। संथाल परगना के कई जिलों में लगभग एक सौ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले दो दिनों तक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने हरियाणा और जम्मू कश्मीर चुनाव परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– अखाड़ा कांग्रेस ने सजाया, मेडल भाजपा ने जीता।

प्रभात खबर के शब्द हैं– हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक, जम्मू कश्मीर में एनसी–कांग्रेस की सरकार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार, जम्मू कश्मीर में जीता एनसी गठबंधन।

हिंदुस्तान और रांची एक्सप्रेस ने ईडी छापेमारी की खबर को पहने पन्ने पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******समाप्त***********